दिनांक : 19.10.2025 समय : 07.10पीएम

आकाशवाणी, भोपाल
सांध्यकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री ने आज अतिवृष्टि से फसल क्षति के लिए उज्जैन और आगर मालवा के किसानों के खातों में 400 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि अंतरित की।
- मुख्यमंत्री ने कहा–गौ–वंश के भरण–पोषण के लिए बजट 250 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 600 करोड़ रुपये किया जाएगा।
- दीपावली और छठ त्यौहारों के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए भोपाल मंडल ने शुरू की तीन स्पेशल ट्रेनें।

और

- महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप में आज इंदौर में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मेजबान भारत को 289 रनों का दिया लक्ष्य।

..............

मुख्यमंत्री–तराना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन जिले के तराना, में पीएम उज्ज्वला योजना, गैर–उज्ज्वला लाड़ली बहना एवं विशेष पिछड़ा जनजातीय समाज की 29 लाख हितग्राही बहनों को गैस रिफिल हेतु 45 करोड़ रुपये की अनुदान राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। वहीं अतिवृष्टि से फसल क्षति के लिए उज्जैन के किसान भाइयों को 265 करोड़ और आगर मालवा के किसान भाइयों के खातों में 138 करोड़ रुपये की सहायता राशि भी प्रदान की।

राजनाथ–पुलिस स्मृति दिवस

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह 21 अक्टूबर, मंगलवार को पुलिस स्मृति दिवस पर दिल्ली में राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। यह दिवस 1959 में लद्दाख में हथियारबंद चीनी सैनिकों के घात लगाकर किए गए हमले में मारे गए दस बहादुर पुलिसकर्मियों की स्मृति में आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल–सीएपीएफ और दिल्ली पुलिस के जवान संयुक्त परेड करेंगे। सीएपीएफ और केंद्रीय पुलिस संगठन द्वारा 22 से 30 अक्टूबर तक कई कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

गोवर्धन पर्व–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हम प्रदेशभर में गोवर्धन पर्व का आयोजन कर रहे हैं। यह पर्व सभी जिलों में लोक अनुष्ठान और सांस्कृतिक परंपराओं के अनुसार मनाया जा रहा है। आयोजन में पशुपालन तथा दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में नवाचार करने वाले उद्यमियों को सम्मानित किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के दुग्ध उत्पादन का 9 प्रतिशत मध्यप्रदेश में होता है इसे 20 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गौ–पालन, गौ–संवर्धन के लिए संकल्पित है। गौ–शालाओं के लिए अनुदान को 20 रुपये प्रति गौ–वंश प्रतिदिन से बढ़ाकर 40 रुपये प्रति गौ–वंश प्रतिदिन किया है। गौ–वंश के भरण–पोषण के लिए दो वर्ष पहले बजट 90 करोड़ रुपये था, जिसे 250 करोड़ रुपये किया गया और अब यह राशि बढ़ाकर 600 करोड़ रुपये करने का लक्ष्य है।

यूआईडीएआई

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण यानी यूआईडीएआई ने देश के लोगों को आधार का शुभंकर डिजाइन करने के लिए आमंत्रित किया है। इसके लिए मायगव वेबसाइट पर एक प्रतियोगिता शुरू की गई है। इस प्रतियोगिता में कोई भी व्यक्ति भाग ले सकता है और अपनी डिजाइन 31 अक्टूबर तक भेज सकता है। विजेताओं को एक लाख रुपये तक के पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रविष्टियां भेजने के लिए वेबसाइट है– innovateindia.mygov.in.

स्पेशल ट्रेनें

रेल प्रशासन द्वारा दीपावली और छठ त्यौहारों के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए भोपाल मंडल होकर तीन स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। यह ट्रेन रानी कमलापति–दानापुर–रानी कमलापति, रीवा–डॉ.अम्बेडकर नगर–रीवा और रीवा – हडपसर – रीवा के बीच चलेंगी। रेलयात्री इन स्पेशल ट्रेनों की आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते है।

रेलवे ने भोपाल मंडल के सभी आरक्षण केंद्रों (पीआरएस) के समय में बदलाव किया है। सोमवार 20 अक्टूबर को सभी आरक्षण केंद्र रविवार की भांति संचालित होंगे। यानी इनका समय सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। वहीं, अनारक्षित टिकट काउंटर पूर्व की तरह नियमित रूप से कार्यरत रहेंगे। भोपाल, इटारसी, बीना सहित मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर कुल 60 से अधिक टिकट जांच कर्मियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है।

रूप चौदस

प्रदेशभर में पंच दिवसीय दीपोत्सव हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के प्रमुख शहरों के बाजारों में बड़ी संख्या में लोग खरीदारी कर रहे हैं। आज रूप चौदस का पर्व

मनाया जा रहा है। श्रद्धालु अपने घरों और घाटों को सजाकर दीपदान करेंगे। इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

जीएसटी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित वस्तु एवं सेवा कर–GST सुधार पिछले महीने की 22 तारीख से लागू हो गए हैं। प्रधानमंत्री ने इसे बचत उत्सव का नाम दिया है, जिससे पूरे देश के उपभोक्ताओं को लाभ मिल रहा है। गुना जिले के पर्वत सिंह नायक ने जीएसटी पर दी गई छूट को लेकर अपने विचार साझा किये..

आयुष मंत्रालय

आयुष मंत्रालय ने ऑस्टियोपोरोसिस–हड्डी रोग से बचाव के लिए लोगों, विशेषकर वृद्धजनों और रजोनिवृत्ति के बाद महिलाओं से संतुलित पोषण और हल्का शारीरिक व्यायाम जैसे आयुर्वेदिक उपाय अपनाने का अनुरोध किया है। मंत्रालय ने विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस की पूर्व संध्या पर जारी एक बयान में कहा है कि दैनिक जीवन में ये समग्र उपाय अपनाने से प्रत्येक व्यक्ति अपनी हडि्डयों को मजबूत कर सकता है और टूटने का जोखिम घटा सकता है। विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस 20 अक्टूबर को मनाया जाता है। मंत्रालय ने कहा है कि ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव के लिए शुरूआत में ही जीवनशैली में बदलाव और देखभाल आवश्यक है।

क्रिकेट– भारत–ऑस्ट्रेलिया

पर्थ में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन एकदिवसीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच को ऑस्ट्रेलिया ने डकवर्थ लुइस पद्धति के तहत सात विकेट से जीत लिया है।

इस मैच को बारिश की वजह से 26–26 ओवर का कर दिया गया था जिसमें डकवर्थ लुइस पद्धति से ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 131 रन का लक्ष्य मिला था। ऑस्ट्रेलिया ने यह लक्ष्य 21 ओवर और एक गेंद में हासिल कर लिया।

इससे पहले, भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 26 ओवर में 9 विकेट खोकर 136 रन बनाए थे।

महिला क्रिकेट

महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप में आज इंदौर में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मेजबान भारत को 289 रनों का लक्ष्य दिया है। सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए भारत को यह मैच हर हाल में जीतना होगा। समाचार लिखे जाने तक भारत ने ... ओवर में .... विकेट पर ... रन बना लिये थे।

————————————